शंकर प्रभु-पादोयधान अर्थात् "श्री चैतन्य महाप्रभु का तकिया" के नाम से प्रसिद्ध हुए। वे विदुर के समान थे, जैसाकि शुकदेव गोस्वामी इसके पूर्व उनका वर्णन कर चुके हैं।

इति ब्रुवाणं विदुरं विनीतं
सहस्र-शीर्ष्णश्चरणोपधानम् ।
प्रहृष्ट-रोमा भगवत्कथायां
प्रणीयमानो मुनिरभ्यचष्ट ॥७०॥

इति ब्रुवाणं विदुरं विनीतं
सहस्र-शीर्ष्णश्चरणोपधानम् ।
प्रहृष्ट-रोमा भगवत्कथायां
प्रणीयमानो मुनिरभ्यचष्ट ॥७०॥

इति—इस प्रकार; **ब्रुवाणम्**—बोलते हुए; **विदुरम्**—विदुर से; **विनीतम्**—नम्रता से; **सहस्र-शीर्ष्णः**—भगवान् कृष्ण का; **चरण-उपधानम्**—पैरों का तकिया; **प्रहृष्ट-रोमा**—शरीर में रोमांच हो आया; **भगवत्-कथायाम्**—पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् की कथा में; **प्रणीयमानः**—प्रेरित होकर; **मुनिः**—महामुनि मैत्रेय; **अभ्यचष्ट**—कहने लगे।

अनुवाद

"जब भगवान् कृष्ण के चरणों के रखने के स्थान रूप विनीत विदुर जी मैत्रेय से इस प्रकार कह चुके, तो मैत्रेय ने बोलना प्रारम्भ किया। भगवान् कृष्ण विषयक कथाओं की चर्चा से उत्पन्न दिव्य आनन्द के कारण उनको रोमांच हो आया।"

तात्पर्य

यह उद्धरण *श्रीमद्भागवत* (३.१३.५) से है।

শঙ্কর করেন প্রভুর পাদ-সম্বাহন ।
ঘুমাঞা পড়েন, তৈছে করেন শয়ন ॥৭১॥

শঙ্কর করেন প্রভুর পাদ-সম্বাহন ।
ঘুমাঞা পড়েন, তৈছে করেন শয়ন ॥৭১॥

शङ्कर—शंकर; **करेन**—करते; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **पाद-सम्वाहन**—पाँव दबाते; **घुमाञा पड़ेन**—सो जाते; **तैछे**—इस प्रकार; **करेन शयन**—लेट जाते।

अनुवाद

शंकर श्री चैतन्य महाप्रभु के पाँव दबाते, किन्तु पाँव दबाते-दबाते सोने लगते और इस प्रकार लेट जाते।

उघाड़-अङ्गे पड़िया शङ्कर निद्रा याय ।
प्रभु उठि' आपन-काँथा ताहारे जड़ाय ॥७२॥

उघाड़-अङ्गे पड़िया शङ्कर निद्रा याय ।
प्रभु उठि' आपन-काँथा ताहारे जड़ाय ॥७२॥

उघाड़-अङ्गे—शरीर को बिना ढके ही; **पड़िया**—लेट जाते; **शङ्कर**—शंकर; **निद्रा याय**—सो जाते; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **उठि'**—उठकर; **आपन-काँथा**—अपनी रजाई; **ताहारे जड़ाय**—उन पर डाल देते।

अनुवाद

वे शरीर को बिना ढ़के ही सोते रहते और श्री चैतन्य महाप्रभु जगकर उन पर अपनी रजाई डाल देते।

निरन्तर घुमाय शङ्कर शीघ्र-चेतन ।
वसि' पाद चापि' करे रात्रि-जागरण ॥७३॥

निरन्तर घुमाय शङ्कर शीघ्र-चेतन ।
वसि' पाद चापि' करे रात्रि-जागरण ॥७३॥

निरन्तर—निरन्तर; **घुमाय**—सो जाते; **शङ्कर**—शंकर; **शीघ्र**—शीघ्र ही; **चेतन**—जाग जाते; **वसि'**—बैठकर; **पाद चापि'**—पाँव दबाने लगते; **करे**—करते; **रात्रि-जागरण**—रात को जगते रहते।

अनुवाद

शंकर पंडित सदा सो तो जाते थे, किन्तु शीघ्र ही जागकर बैठ जाते और पुनः श्री चैतन्य महाप्रभु के पाँव दबाने लगते। इस तरह वे पूरी रात जागते रहते।

তাঁর ভয়ে নারেন প্রভু বাহিরে যাইতে ।
তাঁর ভয়ে নারেন ভিত্ত্যে মুখাব্জ ঘষিতে ॥৭৪॥

তাঁর ভয়ে নারেন প্রভু বাহিরে য়াইতে ।
তাঁর ভয়ে নারেন ভিত্ত্যে মুখাব্জ ঘষিতে ॥৭৪॥

তাঁর ভয়ে—উনके भय से; **নারেন**—समर्थ नहीं थे; **প্রভু**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **বাহিরে য়াইতে**—बाहर जाने के लिए; **তাঁর ভয়ে**—उनके भय से; **নারেন**—समर्थ नहीं थे; **ভিত্ত্যে**—दीवारों पर; **মুখ-অব্জ ঘষিতে**—कमल समान मुख रगड़ने के लिए।

अनुवाद

शंकर के भय से श्री चैतन्य महाप्रभु न तो अपना कमरा छोड़ते, न ही अपने कमल सदृश मुँह को दीवालों पर रगड़ते।

এই লীলা মহাপ্রভুর রঘুনাথ-দাস ।
গৌরাঙ্গ-স্তব-কল্পবৃক্ষে করিয়াছে প্রকাশ ॥৭৫॥

এই লীলা মহাপ্রভুর রঘুনাথ-দাস ।
গৌরাঙ্গ-স্তব-কল্পবৃক্ষে করিয়াছে প্রকাশ ॥৭৫॥

এই লীলা—यह लीला; **মহাপ্রভুর**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **রঘুনাথ-দাস**—रघुनाथ दास गोस्वामी; **গৌরাঙ্গ-স্তব-কল্প-বৃক্ষে**—*गौराङ्ग स्तव कल्पवृक्ष* नामक अपने ग्रन्थ में; **করিয়াছে প্রকাশ**—अच्छी तरह से वर्णन किया है।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु की इस लीला का बहुत ही सुन्दर वर्णन रघुनाथ दास गोस्वामी ने अपनी पुस्तक 'गौराङ्ग स्तव कल्पवृक्ष' में किया है।

স্বকীয়স্য প্রাণার্বুদ-সদৃশ-গোষ্ঠস্য বিরহাৎ
প্রলাপানুন্মাদাজ্জততমতি কুর্বন্বিকল-ধীঃ ।
দধদ্ভিত্তৌ শশ্বদ্বদন-বিধু-ঘর্ষেণ রুধিরং
ক্ষতোত্থং গৌরাঙ্গো হৃদয় উদয়ন্মাং মদয়তি ॥৭৬॥

স্বকীয়স্য প্রাণার্বুদ-সদৃশ-গোষ্ঠস্য বিরহাৎ
প্রলাপানুন্মাদাৎসততমতি কুর্বন্বিকল-ধীঃ ।

दधद्भित्तौ शश्वद्वदन-विधु-घर्षेण रुधिरं
क्षतोत्थं गौराङ्गो हृदय उदयन्मां मदयति ॥ ७६ ॥

स्वकीयस्य—अपने; **प्राण-अर्बुद**—जीवन की अनगिनत श्वास; **सदृश**—समान; **गोष्ठस्य**—वृन्दावन के; **विरहात्**—विरह के कारण; **प्रलापान्**—प्रलाप; **उन्मादात्**—उन्माद के कारण; **सततम्**—सदैव; **अति**—अत्यन्त; **कुर्वन्**—करके; **विकल-धीः**—जिनकी बुद्धि विक्षिप्त थी; **दधत्**—बहता था; **भित्तौ**—दीवारों पर; **शश्वत्**—सदैव; **वदन-विधु**—कमल समान मुख को; **घर्षेण**—रगड़ने से; **रुधिरम्**—खून; **क्षत-उत्थम्**—घावों से निकलता था; **गौराङ्गः**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **हृदये**—मेरे हृदय में; **उदयन्**—उदित हों; **माम्**—मेरे; **मदयति**—उन्मत्त।

अनुवाद

"श्री चैतन्य महाप्रभु अपने प्राणतुल्य वृन्दावन अनेक मित्रों के विरह के कारण उन्मत की तरह बातें करते। उनकी बुद्धि विकृत हो गई थी। वे दिन-रात अपने चन्द्रमा सदृश मुखड़े को दीवालों पर रगड़ते, जिससे घावों से रक्त बहता रहता। ऐसे श्री चैतन्य महाप्रभु मेरे हृदय में उदित हों और मुझे प्रेम से उन्मत्त कर दें।"

এই-মত মহাপ্রভু রাত্রি-দিবসে ।
প্রেম-সিন্ধু-মগ্ন রহে, কভু ডুবে, ভাসে ॥ ৭৭ ॥

এइ-मत महाप्रभु रात्रि-दिवसे ।
प्रेम-सिन्धु-मग्न रहे, कभु डुबे, भासे ॥ ७७ ॥

एइ-मत—इस प्रकार; **महाप्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **रात्रि-दिवसे**—दिन-रात; **प्रेम-सिन्धु-मग्न रहे**—कृष्ण-प्रेम के सागर में निमग्न; **कभु डुबे**—कभी डूब जाते; **भासे**—कभी तैरते।

अनुवाद

इस तरह श्री चैतन्य महाप्रभु रात-दिन कृष्ण के प्रेम रूपी सिन्धु में मग्न रहते। कभी वे डूबे रहते और कभी तैरते रहते।

এক-কালে বৈশাখের পৌর্ণমাসী-দিনে ।
রাত্রি-কালে মহাপ্রভু চলিলা উদ্যানে ॥ ৭৮ ॥

एक-काले वैशाखेर पौर्णमासी-दिने ।
रात्रि-काले महाप्रभु चलिला उद्याने ॥७८॥

एक-काले—एक बार; **वैशाखेर**—वैशाख (अप्रैल-मई) मास की; **पौर्णमासी-दिने**—पूर्णमासी की रात को; **रात्रि-काले**—रात में; **महाप्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **चलिला**—गये; **उद्याने**—उद्यान में।

अनुवाद

एक बार वैशाख (अप्रैल-मई) मास की पूर्णमासी की रात में श्री चैतन्य महाप्रभु एक उद्यान में गये।

'जगन्नाथ-वल्लभ' नाम उद्यान-प्रधाने ।
प्रवेश करिला प्रभु लञा भक्त-गणे ॥७९॥

'जगन्नाथ-वल्लभ' नाम उद्यान-प्रधाने ।
प्रवेश करिला प्रभु लञा भक्त-गणे ॥७९॥

जगन्नाथ-वल्लभ—जगन्नाथ-वल्लभ; **नाम**—नामक; **उद्यान-प्रधाने**—उत्तम उद्यानों में से एक; **प्रवेश करिला**—प्रविष्ट हुए; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **लञा**—लेकर; **भक्त-गणे**—भक्तों को।

अनुवाद

महाप्रभु अपने भक्तों सहित जगन्नाथ-वल्लभ नामक सुन्दरतम उद्यान में प्रविष्ट हुए।

प्रफुल्लित वृक्ष-वल्ली,—येन वृन्दावन ।
शुक, शारी, पिक, भृङ्ग करे आलापन ॥८०॥

प्रफुल्लित वृक्ष-वल्ली,—ग्रेन वृन्दावन ।
शुक, शारी, पिक, भृङ्ग करे आलापन ॥८०॥

प्रफुल्लित—पूर्णतया खीले हुए; **वृक्ष-वल्ली**—वृक्ष तथा लताएँ; **ग्रेन वृन्दावन**—वृन्दावन के समान ही; **शुक**—शुक पक्षी; **शारी**—शारी पक्षी; **पिक**—पिक पक्षी; **भृङ्ग**—भौंरे; **करे**—करते थे; **आलापन**—एक-दूसरे से बातें।

अनुवाद

इस उद्यान में फूलों से लदे वृक्ष तथा लताएँ वृन्दावन जैसे ही थे। भौंरे, शुक, शारी एवं पिक पक्षी एक दूसरे से बातें कर रहे थे।

पुष्प-गन्ध लञा वहे मलय-पवन ।
'गुरु' हञा तरु-लताय शिखाय नाचन ॥८१॥

पुष्प-गन्ध लञा वहे मलय-पवन ।
'गुरु' हञा तरु-लताय शिखाय नाचन ॥८१॥

पुष्प-गन्ध—पुष्पों की सुगन्ध; **लञा**—लेकर; **वहे**—बहती थी; **मलय-पवन**—मन्द पवन; **गुरु हञा**—गुरु बनकर; **तरु-लताय**—वृक्ष तथा लताओं को; **शिखाय**—सीखा रही थी; **नाचन**—नृत्य।

अनुवाद

मन्द पवन सुगन्धित पुष्पों की गन्ध लेकर बह रही थी। यह पवन गुरु बनकर सारे वृक्षों तथा लताओं को नृत्य सिखा रही थी।

पूर्ण-चन्द्र-चन्द्रिकाय परम उज्ज्वल ।
तरु-लतादि ज्योत्स्नाय करे झलमल ॥८२॥

पूर्ण-चन्द्र-चन्द्रिकाय परम उज्ज्वल ।
तरु-लतादि ज्योत्स्नाय करे झलमल ॥८२॥

पूर्ण-चन्द्र—पूर्ण चन्द्रमा की; **चन्द्रिकाय**—चाँदनी से; **परम**—अत्यन्त; **उज्ज्वल**—उज्ज्वल; **तरु-लता-आदि**—लताएं, वृक्ष इत्यादि; **ज्योत्स्नाय**—चाँदनी के प्रकाश में; **करे**—करते थे; **झलमल**—झलमला रहे थे।

अनुवाद

पूर्ण चन्द्रमा के तेज से प्रकाशित सारे वृक्ष तथा लताएँ प्रकाश में झलमला रहे थे।

छय ऋतु-गण याहाँ वसन्त प्रधान ।
देखि' आनन्दित हैला गौर भगवान् ॥८३॥

छय ऋतु-गण याहाँ वसन्त प्रधान ।
देखि' आनन्दित हैला गौर भगवान् ॥८३॥

छय—छः; **ऋतु-गण**—ऋतुएँ; **याहाँ**—जहाँ; **वसन्त प्रधान**—वसन्त ऋतु प्रधान; **देखि'**—देखकर; **आनन्दित**—अत्यन्त प्रसन्न; **हैला**—हुए; **गौर**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **भगवान्**—पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान्।

अनुवाद

ऐसा लग रहा था मानो वहाँ पर छहों ऋतुएँ, विशेषतया वसन्त ऋतु, उपस्थित हों। उस उद्यान को देखकर पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु अत्यन्त प्रसन्न हुए।

''ललित-लवङ्ग-लता'' पद गाओयाञा ।
नृत्य करि' बुलेन प्रभु निज-गण लञा ॥८४॥
"ललित-लवङ्ग-लता" पद गाओयाञा ।
नृत्य करि' बुलेन प्रभु निज-गण लञा ॥८४॥

ललित-लवङ्ग-लता—*ललित लवंगलता* शब्दों से शुरू होने वाला; **पद**—श्लोक; **गाओयाञा**—गाने के लिए कहकर; **नृत्य करि'**—नृत्य किया; **बुलेन**—घूमे; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **निज-गण लञा**—अपने पार्षदों के साथ।

अनुवाद

इस वातावरण में महाप्रभु ने अपने संगियों से 'ललित लवंगलता' से प्रारम्भ होने वाला 'गीत गोविन्द' का श्लोक गाने को कहा और वे स्वयं नृत्य करने लगे तथा उनके साथ चारों ओर घूमने लगे।

प्रति-वृक्ष-वल्ली ऐछे भ्रमिते भ्रमिते ।
अशोकेर तले कृष्णे देखेन आचम्बिते ॥८५॥
प्रति-वृक्ष-वल्ली ऐछे भ्रमिते भ्रमिते ।
अशोकेर तले कृष्णे देखेन आचम्बिते ॥८५॥

प्रति-वृक्ष-वल्ली—प्रत्येक वृक्ष तथा लता की चारों ओर; **ऐछे**—इस प्रकार; **भ्रमिते भ्रमिते**—घूमते हुए; **अशोकेर तले**—अशोक वृक्ष के नीचे; **कृष्णे**—भगवान् कृष्ण; **देखेन**—उन्होंने देखा; **आचम्बिते**—अचानक।

अनुवाद

इस तरह वे प्रत्येक वृक्ष तथा लता के चारों ओर घूमते हुए अशोक वृक्ष के नीचे आये और सहसा उन्होंने भगवान् कृष्ण को देखा।

কৃষ্ণ দেখি' মহাপ্রভু ধাঞা চলিলা ।
আগে দেখি' হাসি' কৃষ্ণ অন্তর্ধান হ-ইলা ॥ ৮৬॥

কৃষ্ণ দেখি' মহাপ্রভু ধাঞা চলিলা ।
আগে দেখি' হাসি' কৃষ্ণ অন্তর্ধান হ-ইলা ॥ ৮৬॥

কৃষ্ণ দেখি'—কৃষ্ণ को देखकर; **মহাপ্রভু**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **ধাঞা চলিলা**—तेजी से दौड़ने लगे; **আগে**—आगे; **দেখি'**—देखकर; **হাসি'**—मुसकाते हुए; **কৃষ্ণ**—भगवान् कृष्ण; **অন্তর্ধান হ-ইলা**—अदृश्य हो गये।

अनुवाद

जब श्री चैतन्य महाप्रभु ने कृष्ण को देखा, तो वे तेजी से दौड़ने लगे, किन्तु कृष्ण स्मितहास्य करते हुए अदृश्य हो गये।

আগে পাইলা কৃষ্ণে, তাঁরে পুনঃ হারাঞা ।
ভূমেতে পড়িলা প্রভু মূর্চ্ছিত হঞা ॥ ৮৭॥

আগে পাইলা কৃষ্ণে, তাঁরে পুনঃ হারাঞা ।
ভূমেতে পড়িলা প্রভু মূর্চ্ছিত হঞা ॥ ৮৭॥

আগে—प्रारम्भ में; **পাইলা**—पाकर; **কৃষ্ণে**—भगवान् कृष्ण; **তাঁরে**—उनको; **পুনঃ**—फिर; **হারাঞা**—खोकर; **ভূমেতে**—भूमि पर; **পড়িলা**—गिर पड़े; **প্রভু**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **মূর্চ্ছিত**—अचेत; **হঞা**—होकर।

अनुवाद

पहले कृष्ण को पाने तथा उसके बाद पुनः उन्हें खो देने से श्री चैतन्य महाप्रभु अचेत होकर भूमि पर गिर पड़े।

কৃষ্ণের শ্রী-অঙ্গ-গন্ধে ভরিছে উদ্যানে ।
সেই গন্ধ পাঞা প্রভু হৈলা অচেতনে ॥ ৮৮॥

কৃষ্ণের শ্রী-অঙ্গ-গন্ধে ভরিছে উদ্যানে ।
সেই গন্ধ পাঞা প্রভু হৈলা অচেতনে ॥ ৮৮॥

কৃষ্ণের—भगवान् कृष्ण की; **শ্রী-অঙ্গ-গন্ধে**—दिव्य देह की सुगन्ध; **ভরিছে**—भर गई; **উদ্যানে**—उद्यान में; **সেই গন্ধ পাঞা**—उस सुगन्ध को पाकर; **প্রভু**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **হৈলা**—हो गये; **অচেতনে**—अचेत।

अनुवाद

भगवान् श्रीकृष्ण के दिव्य शरीर की सुगन्ध से सारा उद्यान भर गया। जब श्री चैतन्य महाप्रभु ने इस सुगन्ध को सूँघा, तो वे तुरन्त अचेत हो गये।

निरन्तर नासाय पशे कृष्ण-परिमल ।
गन्ध आस्वादिते प्रभु ह-इला पागल ॥८९॥

निरन्तर नासाय पशे कृष्ण-परिमल ।
गन्ध आस्वादिते प्रभु ह-इला पागल ॥८९॥

निरन्तर—निरन्तर; **नासाय**—नथुनों में; **पशे**—प्रवेश कर रही थी; **कृष्ण-परिमल**—कृष्ण के शरीर की सुगन्ध; **गन्ध आस्वादिते**—सुगन्ध का आस्वादन करने के लिए; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **ह-इला पागल**—पागल हो गये।

अनुवाद

किन्तु कृष्ण के शरीर की सुगन्ध उनके नथुनों में निरन्तर प्रवेश कर रही थी और महाप्रभु उसका आस्वादन करने के लिए उन्मत्त हो रहे थे।

कृष्ण-गन्ध-लुब्धा राधा सखीरे ये कहिला ।
सेइ श्लोक पड़ि' प्रभु अर्थ करिला ॥९०॥

कृष्ण-गन्ध-लुब्धा राधा सखीरे ये कहिला ।
सेइ श्लोक पड़ि' प्रभु अर्थ करिला ॥९०॥

कृष्ण-गन्ध—कृष्ण के शरीर की सुगन्ध; **लुब्धा**—के पीछे लालायित; **राधा**—श्रीमती राधारानी; **सखीरे**—अपनी गोपी सखियों से; **ये कहिला**—उन्होंने जो कुछ कहा; **सेइ**—वह; **श्लोक**—श्लोक; **पड़ि'**—पढ़कर; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **अर्थ करिला**—उसका अर्थ बताया।

अनुवाद

श्रीमती राधारानी ने अपनी गोपी सखियों से एक बार बतलाया कि वे किस तरह कृष्ण के शरीर की दिव्य सुगन्ध के लिए लालायित हो रही हैं। श्री चैतन्य महाप्रभु ने उसी श्लोक को पढ़ा और उसका अर्थ स्पष्ट किया।

कुरङ्ग-मद-जिद्वपुः-परिमलोर्मि-कृष्टाङ्गनः
स्वकाङ्ग-नलिनाष्टके शशि-युताब्ज-गन्ध-प्रथः ।
मदेन्दुवर-चन्दनागुरु-सुगन्धि-चर्चार्चितः
स मे मदन-मोहनः सखि तनोति नासा-स्पृहाम् ॥९१॥

कुरङ्ग-मद-जित्—कस्तूरी की सुगन्ध को परास्त करने वाली; **वपुः**—उनके दिव्य शरीर की; **परिमल-ऊर्मि**—सुगन्ध की लहरों से; **कृष्ट-अङ्गनः**—वृन्दावन की गोपियों को आकर्षित करके; **स्वक-अङ्ग-नलिन-अष्टके**—शरीर के आठ कमल समान अंगों पर (मुख, नाभि, आँखें, हथेलियाँ तथा चरण); **शशि-युत-अब्ज-गन्ध-प्रथः**—जो कपूर से मिश्रित कमल की सुगन्ध को वितरित करते हैं; **मद-इन्दुवर-चन्दन-अगुरु-सुगन्धि-चर्चा-अर्चितः**—कस्तूरी, कपूर, श्वेत चन्दन तथा अगरु के लेप से लेपित; **सः**—वे; **मे**—मेरे; **मदन-मोहनः**—भगवान् कृष्ण, जो कामदेव को भी मोहित करने वाले हैं; **सखि**—हे प्रिय सखी; **तनोति**—बढ़ाती है; **नासा-स्पृहाम्**—मेरे नथुनों की इच्छा को।

अनुवाद

"'कृष्ण के दिव्य शरीर की सुगन्ध कस्तूरी की सुगन्ध को भी पराजित करने वाली और समस्त स्त्रियों के मनों को आकृष्ट करने वाली है। उनके शरीर के कमल समान आठ अंग कमल के साथ कपूर की मिश्रित सुगन्ध को वितरित करते हैं। उनके शरीर पर कस्तूरी, कपूर, चन्दन तथा अगुरु जैसी सुगन्धित वस्तुओं का लेप लगा हुआ है। हे सखी, ऐसे भगवान्, जो कि मदनमोहन भी कहे जाते हैं, सदैव मेरे नथुनों की इच्छा को वर्धित करते हैं।'"

तात्पर्य

यह श्लोक *गोविन्द लीलामृत* (८.६) में पाया जाता है।

কস্তূরিকা-নীলোৎপল, তার যেই পরিমল,
তাহা জিনি' কৃষ্ণ-অঙ্গ-গন্ধ ।

ব্যাপে চৌদ্দ-ভুবনে, করে সর্ব আকর্ষণে,
নারী-গণের আখি করে অন্ধ ॥৯২॥

কস্তূরিকা-নীলোৎপল, তার যেই পরিমল,
তাহা জিনি' কৃষ্ণ-অঙ্গ-গন্ধ ।
ব্যাপে চৌদ্দ-ভুবনে, করে সর্ব আকর্ষণে,
নারী-গণের আখি করে অন্ধ ॥ ৯২॥

कस्तूरिका—कस्तूरी; **नीलोत्पल**—नीलकमल के साथ मिश्रित; **तार**—उसकी; **येइ**—जो भी; **परिमल**—सुगन्ध; **ताहा**—वह; **जिनि'**—जीतकर; **कृष्ण-अङ्ग**—कृष्ण के दिव्य शरीर की; **गन्ध**—सुगन्ध; **व्यापे**—फैलती है; **चौद्द-भुवने**—चौदहो भुवनों में; **करे**—करती है; **सर्व आकर्षणे**—सब को आकर्षित; **नारी-गणेर**—स्त्रियों की; **आखि**—आँखें; **करे**—करती है **अन्ध**—अन्धी।

अनुवाद

"कृष्ण के शरीर की सुगन्ध कस्तूरी तथा नीलकमल के फूलों की सुगन्ध को पराजित करने वाली है। चौदहों लोकों में फैलकर यह हर एक को आकृष्ट करती है और समस्त स्त्रियों के नेत्रों को अन्धा बनाती है।

সখি হে, কৃষ্ণ-গন্ধ জগত্মাতায়
নারীর নাসাতে পশে, সর্ব-কাল তাহাঁ বৈসে, ।
কৃষ্ণ-পাশ ধরি' লঞা যায় ॥৯৩॥

সখি হে, কৃষ্ণ-গন্ধ জগত্মাতায়
নারীর নাসাতে পশে, সর্ব-কাল তাহাঁ বৈসে, ।
কৃষ্ণ-পাশ ধরি' লঞা যায় ॥ ৯৩॥

সখি হে—हे प्रिय सखी; **কৃষ্ণ-গন্ধ**—कृष्ण के शरीर की सुगन्ध; **জগত্ মাতায়**—सारे जगत् को मोहित करती है; **নারীর**—स्त्रियों के; **নাসাতে**—नथुनों में; **পশে**—प्रविष्ट होकर; **সর্ব-কাল**—सदैव; **তাহাঁ**—वहाँ; **বৈসে**—रहती है; **কৃষ্ণ-পাশ**—भगवान् कृष्ण के पास; **ধরি'**—पकड़कर; **লঞা যায়**—ले जाती है।

अनुवाद

"हे प्रिय सखी, कृष्ण के शरीर की सुगन्ध सारे जगत् को मोहित करती है। विशेषतया स्त्रियों के नथुनों में प्रविष्ट होकर यह वहीं पर रुक

जाती है। इस तरह यह उन्हें बन्दी बनाकर बलपूर्वक कृष्ण के पास ले आती है।

নেত্র-নাভি, বদন, কর-যুগ চরণ,
এই অষ্ট-পদ্ম কৃষ্ণ-অঙ্গে ।
কর্পূর-লিপ্ত কমল, তার যৈছে পরিমল,
সেই গন্ধ অষ্ট-পদ্ম-সঙ্গে ॥ ৯৪ ॥

নেত্র-নাভি, বদন, কর-যুগ চরণ,
এই অষ্ট-পদ্ম কৃষ্ণ-অঙ্গে ।
কর্পূর-লিপ্ত কমল, তার যৈছে পরিমল,
সেই গন্ধ অষ্ট-পদ্ম-সঙ্গে ॥ ৯৪ ॥

নেত্র—आँखें; **নাভি**—नाभि; **বদন**—मुख; **কর-যুগ**—हथेलियाँ; **চরণ**—चरण; **এই**—ये; **অষ্ট**—आठ; **পদ্ম**—कमल पुष्प; **কৃষ্ণ-অঙ্গে**—कृष्ण के शरीर में; **কর্পূর**—कपूर के साथ; **লিপ্ত**—लिप्त; **কমল**—कमल पुष्प; **তার**—उसके; **যৈছে**—जैसी; **পরিমল**—सुगन्ध; **সেই গন্ধ**—वह सुगन्ध; **অষ্ট-পদ্ম-সঙ্গে**—आठ कमल पुष्पों से सम्बन्धित।

अनुवाद

"कृष्ण की आँखें, नाभि तथा मुँह, हाथ तथा पैर—ये उनके शरीर पर आठ कमलपुष्पों के समान हैं। इन आठों कमलों से कपूर तथा कमल की मिली-जुली सुगन्ध निकलती है। यह सुगन्ध उनके शरीर से सम्बन्धित है।

হেম-কীলিত চন্দন, তাহা করি' ঘর্ষণ,
তাহে অগুরু, কুঙ্কুম, কস্তূরী ।
কর্পূর-সনে চর্চা অঙ্গে, পূর্ব অঙ্গের গন্ধ সঙ্গে,
মিলি' তারে যেন কৈল চুরি ॥ ৯৫ ॥

হেম-কীলিত চন্দন, তাহা করি' ঘর্ষণ,
তাহে অগুরু, কুঙ্কুম, কস্তূরী ।
কর্পূর-সনে চর্চা অঙ্গে, পূর্ব অঙ্গের গন্ধ সঙ্গে,
মিলি' তারে যেন কৈল চুরি ॥ ৯৫ ॥

हेम—सुवर्ण के साथ; **कीलित**—सुशोभित; **चन्दन**—श्वेत चन्दन; **ताहा**—वह; **करि'**—करके; **घर्षण**—घिसकर; **ताहे**—उसमें; **अगुरु**—अगरु की सुगन्ध; **कुङ्कुम**—कुंकुम; **कस्तूरी**—तथा कस्तूरी; **कर्पूर**—कपूर; **सने**—के साथ; **चर्चा**—लेप करके; **अङ्गे**—शरीर पर; **पूर्व**—पहले; **अङ्गेर**—शरीर की; **गन्ध**—सुगन्ध; **सङ्गे**—के साथ; **मिलि'**—मिलकर; **तारे**—वह; **ग्रेन**—जैसे; **कैल**—किया; **चुरि**—चोरी करना या आच्छादित करना।

अनुवाद

"जब चन्दन को अगुरु, कुंकुम, कस्तूरी तथा कपूर के साथ मिलाकर कृष्ण के शरीर पर लेप किया जाता है, तो यह कृष्ण की मूल शारीरिक सुगन्ध के साथ मिल जाता है और उसे आच्छादित करता प्रतीत होता है।

तात्पर्य

अन्य एक संस्करण में इस श्लोक की अन्तिम पंक्ति *कामदेवेर मन कैल चुरि* के रूप में भी पाई जाती है, जिसका अर्थ है, "इन सारी वस्तुओं की सुगन्ध कृष्ण के शरीर की पहले की सुगन्ध से मिल जाती है और कामदेव के मन को चुरा लेती है।"

हरे नारीर तनु-मन, नासा करे घूर्णन,
खसाय नीवि, छुटाय केश-बन्ध ।
करिया आगे बाउरी, नाचाय जगत्नारी,
हेन डाकातिया कृष्णाङ्ग-गन्ध ॥९६॥

हरे नारीर तनु-मन, नासा करे घूर्णन,
खसाय नीवि, छुटाय केश-बन्ध ।
करिया आगे बाउरी, नाचाय जगत् नारी,
हेन डाकातिया कृष्णाङ्ग-गन्ध ॥ ९६॥

हरे—मोहित करती है; **नारीर**—स्त्रियों के; **तनु-मन**—मन तथा शरीर; **नासा**—नथुने; **करे घूर्णन**—भ्रमित करती है; **खसाय**—शिथिल करती है; **नीवि**—कटिबन्ध; **छुटाय**—छोड़ती है; **केश-बन्ध**—केशों को; **करिया**—करके; **आगे**—सामने; **बाउरी**—बावरी स्त्री के समान; **नाचाय**—नचाती है; **जगत्-नारी**—जगत् की सारी स्त्रियों को; **हेन**—ऐसी; **डाकातिया**—डाकू; **कृष्ण-अङ्ग-गन्ध**—कृष्ण के शरीर की सुगन्ध।

अनुवाद

"कृष्ण के दिव्य शरीर की सुगन्ध इतनी आकर्षक है कि यह सारी

स्त्रियों के शरीरों तथा मनों को मोह लेती है। यह उनके नथुनों को भ्रमित करती है, उनके कटिबन्धों तथा केशों को शिथिल बनाती है और उन्हें उन्मत्त करती है। विश्वभर की स्त्रियाँ इसके प्रभाव में आ जाती हैं, इसीलिए कृष्ण के शरीर की सुगन्ध एक डाकू के समान है।

সেই গন্ধ-বশ নাসা, সদা করে গন্ধের আশা,
কভু পায়, কভু নাহি পায় ।
পাইলে পিয়া পেট ভরে, পিঙ পিঙ তবু করে,
না পাইলে তৃষ্ণায় মরি' যায় ॥ ৯৭ ॥

सेइ गन्ध-वश नासा, सदा करे गन्धेर आशा,
कभु पाय, कभु नाहि पाय ।
पाइले पिया पेट भरे, पिङ पिङ तबु करे,
ना पाइले तृष्णाय मरि' ग्राय ॥ ९७ ॥

सेइ—वह; **गन्ध-वश**—सुगन्ध के वश में; **नासा**—नथुने; **सदा**—सदैव; **करे**—करते हैं; **गन्धेर**—सुगन्ध के लिए; **आशा**—आशा; **कभु पाय**—कभी वे प्राप्त करते हैं; **कभु नाहि पाय**—कभी प्राप्त नहीं करते; **पाइले**—यदि पाते हैं; **पिया**—पान करते हैं; **पेट**—पेट; **भरे**—भरकर; **पिङ**—मुझे पीने दो; **पिङ**—मुझे पीने दो; **तबु**—फिर भी; **करे**—वे लालायित रहते हैं; **ना पाइले**—यदि वे नहीं पाते; **तृष्णाय**—प्यास के मारे; **मरि' ग्राय**—वे मरते हैं।

अनुवाद

"इसके पूर्ण प्रभाव में आकर नथुने इसके लिए निरन्तर लालायित रहते हैं, यद्यपि वे कभी इसे प्राप्त कर पाते है, तो कभी नहीं भी कर पाते। किन्तु जब वे इसे पाते हैं, तो जी भरकर पान करते हैं, यद्यपि वे और अधिक की चाह करते हैं। किन्तु यदि वे नहीं पाते, तो तृष्णा के मारे मर जाते हैं।

মদন-মোহন-নাট, পসারি গন্ধের হাট,
জগন্নারী-গ্রাহকে লোভায় ।
বিনা-মূল্যে দেয় গন্ধ, গন্ধ দিয়া করে অন্ধ,
ঘর যাইতে পথ নাহি পায়'' ॥ ৯৮ ॥

मदन-मोहन-नाट, पसारि गन्धेर हाट,
जगन्नारी-ग्राहके लोभाय ।
विना-मूल्ये देय गन्ध, गन्ध दिया करे अन्ध,
घर ग्राइते पथ नाहि पाय" ॥ ९८ ॥

मदन-मोहन-नाट—अभिनेता मदनमोहन; **पसारि**—दुकानदार; **गन्धेर हाट**—सुगन्ध की दुकान; **जगत्-नारी**—जगत् की स्त्रियों को; **ग्राहके**—ग्राहकों को; **लोभाय**—आकर्षित करती है; **विना-मूल्ये**—बिना मूल्य लिये; **देय**—वितरित करते हैं; **गन्ध**—सुगन्ध; **गन्ध दिया**—सुगन्ध देते हैं; **करे अन्ध**—ग्राहकों को अन्धा बना देती है; **घर ग्राइते**—घर वापस जाने का; **पथ**—मार्ग; **नाहि पाय**—ढूँढ नहीं पातीं।

अनुवाद

"अभिनेता मदनमोहन ने सुगन्ध की दूकान खोल रखी है और यह सुगन्ध विश्वभर की स्त्रियों को ग्राहक के रूप में आकृष्ट करती है। वे इस सुगन्ध को निःशुल्क बाँटते हैं, किन्तु यह सारी स्त्रियों को इस तरह अन्धा बना देती है कि वे घर लौटने का मार्ग तक ढूँढ नहीं पातीं।"

এই-মত গৌরহরি, গন্ধে কৈল মন চুরি,
ভৃঙ্গ-প্রায় ইতি-উতি ধায় ।
যায় বৃক্ষ-লতা-পাশে, কৃষ্ণ স্ফুরে—সেই আশে,
কৃষ্ণ না পায়, গন্ধ-মাত্র পায় ॥ ৯৯ ॥

এइ-मत गौरहरि, गन्धे कैल मन चुरि,
भृङ्ग-प्राय इति-उति धाय ।
ग्राय वृक्ष-लता-पाशे, कृष्ण स्फुरे—सेइ आशे,
कृष्ण ना पाय, गन्ध-मात्र पाय ॥ ९९ ॥

एइ-मत—इस प्रकार; **गौरहरि**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **गन्धे**—सुगन्ध से; **कैल**—किया; **मन चुरि**—मन चुरा लिया; **भृङ्ग-प्राय**—भौंरे की तरह; **इति-उति धाय**—इधर-उधर घूमते; **ग्राय**—जाते; **वृक्ष-लता-पाशे**—वृक्ष तथा लताओं के पास; **कृष्ण स्फुरे**—भगवान् कृष्ण प्रकट होंगे; **सेइ आशे**—उस आशा में; **कृष्ण ना पाय**—कृष्ण को प्राप्त न करके; **गन्ध-मात्र पाय**—केवल सुगन्ध प्राप्त करते।

अनुवाद

इस तरह कृष्ण के शरीर की सुगन्ध ने श्री चैतन्य महाप्रभु का मन चुरा

लिया, जिससे वे भौंरे की तरह इधर-उधर दौड़ने लगे। वे वृक्षों तथा लताओं के पास इस आशा से दौड़ जाते कि भगवान् कृष्ण प्रकट होंगे, किन्तु उनको केवल कृष्ण के शरीर की सुगन्ध ही प्राप्त हो पाती।

स्वरूप-रामानन्द गाय, प्रभु नाचे, सुख पाय,
एइ-मते प्रातः-काल हैल ।
स्वरूप-रामानन्द-राय, करि नाना उपाय,
महाप्रभुर बाह्य-स्फूर्ति कैल ॥ १००॥

स्वरूप-रामानन्द गाय, प्रभु नाचे, सुख पाय,
एइ-मते प्रातः-काल हैल ।
स्वरूप-रामानन्द-राय, करि नाना उपाय,
महाप्रभुर बाह्य-स्फूर्ति कैल ॥ १००॥

स्वरूप-रामानन्द गाय—स्वरूप दामोदर गोस्वामी तथा रामानन्द राय गाने लगे; **प्रभु नाचे**—श्री चैतन्य महाप्रभु नृत्य करने लगे; **सुख पाय**—सुख पाया; **एइ-मते**—इस प्रकार; **प्रातः-काल हैल**—प्रातःकाल हुआ; **स्वरूप-रामानन्द-राय**—स्वरूप दामोदर गोस्वामी तथा रामानन्द राय दोनों; **करि**—किये; **नाना**—विविध; **उपाय**—उपाय; **महाप्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **बाह्य-स्फूर्ति कैल**—बाह्य चेतना जगाने के।

अनुवाद

स्वरूप दामोदर तथा रामानन्द राय दोनों ही महाप्रभु के लिए गाने लगे और महाप्रभु नृत्य करने लगे। वे प्रातः होने तक सुख का आनन्द लेते रहे। तब महाप्रभु को दोनों पार्षदों ने महाप्रभु की बाह्य चेतना जगाने के लिए उपाय सोचा।

मातृ-भक्ति, प्रलापन, भित्त्ये मुख-घर्षण,
कृष्ण-गन्ध-स्फूर्त्ये दिव्य-नृत्य ।
एइ चारि-लीला-भेदे, गाइल एइ परिच्छेदे,
कृष्णदास रूप-गोसाञि-भृत्य ॥ १०१॥

मातृ-भक्ति, प्रलापन, भित्त्ये मुख-घर्षण,
कृष्ण-गन्ध-स्फूर्त्ये दिव्य-नृत्य ।

एइ चारि-लीला-भेदे, गाइल एइ परिच्छेदे,
कृष्णदास रूप-गोसाञि-भृत्य ॥ १०१ ॥

मातृ-भक्ति—उनकी मातृभक्ति; **प्रलापन**—प्रलाप के शब्द; **भित्त्ये**—दीवारों पर; **मुख-घर्षण**—मुख रगड़ना; **कृष्ण-गन्ध**—भगवान् कृष्ण की सुगन्ध; **स्फूर्त्ये**—प्राकट्य पर; **दिव्य-नृत्य**—दिव्य नृत्य; **एइ**—ये; **चारि**—चार; **लीला**—लीलाएँ; **भेदे**—विविध; **गाइल**—गायी हैं; **एइ परिच्छेदे**—इस अध्याय में; **कृष्णदास**—कृष्णदास कविराज; **रूप-गोसाञि-भृत्य**—श्रील रूप गोस्वामी का सेवक।

अनुवाद

इस तरह श्रील रूप गोस्वामी का दास मैं, कृष्णदास, ने इस अध्याय में महाप्रभु की चार प्रकार की लीलाओं का गान किया है—महाप्रभु की मातृभक्ति, उनके पागलपन के शब्द, रात में दीवालों पर उनका मुख रगड़ना तथा भगवान् कृष्ण की सुगन्ध प्रकट होने पर उनका नृत्य करना।

तात्पर्य

कृष्णदास कविराज गोस्वामी कहते हैं कि श्रील रूप गोस्वामी के आशीर्वाद से वे श्री चैतन्य महाप्रभु की इन चार प्रकार की लीलाओं का वर्णन कर सके हैं। वास्तव में कृष्णदास कविराज श्रील रूप गोस्वामी के प्रत्यक्ष शिष्य नहीं थे, किन्तु उन्होंने श्रील रूप गोस्वामी द्वारा *भक्तिरसामृतसिन्धु* में दिये गये आदेशों का पालन किया था। इसीलिए वे उनके निर्देशानुसार कार्य कर सके और हर अध्याय में उन्होंने उनकी कृपा के लिए प्रार्थना की है।

এই-মত মহাপ্রভু পাঞা চেতন ।
স্নান করি' কৈল জগন্নাথ-দরশন ॥ ১০২॥

एइ-मत महाप्रभु पाञा चेतन ।
स्नान करि' कैल जगन्नाथ-दरशन ॥ १०२ ॥

एइ-मत—इस प्रकार; **महाप्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **पाञा चेतन**—चेतना पाई; **स्नान करि'**—स्नान करने के बाद; **कैल जगन्नाथ-दरशन**—भगवान् जगन्नाथ का दर्शन किया।

अनुवाद

इस तरह श्री चैतन्य महाप्रभु को फिर से बाह्य चेतना आ गई। तब उन्होंने स्नान किया और वे भगवान् जगन्नाथ का दर्शन करने गये।

অলৌকিক কৃষ্ণ-লীলা, দিব্য-শক্তি তার ।
তর্কের গোচর নহে চরিত্র যাহার ॥ ১০৩ ॥

अलौकिक कृष्ण-लीला, दिव्य-शक्ति तार ।
तर्केर गोचर नहे चरित्र ग्राहार ॥ १०३ ॥

अलौकिक—असामान्य; **कृष्ण-लीला**—भगवान् कृष्ण की लीलाएँ; **दिव्य-शक्ति**—दिव्य शक्ति; **तार**—उसकी; **तर्केर**—तर्क; **गोचर**—की परिधि में; **नहे**—नहीं हैं; **चरित्र**—चरित्र; **ग्राहार**—जिसका।

अनुवाद

भगवान् कृष्ण की लीलाएँ अलौकिक तथा दिव्य शक्ति से ओतप्रोत हैं। ऐसी लीलाओं की विशेषता है कि वे तर्क की परिधि में नहीं आतीं।

এই প্রেম সদা জাগে যাহার অন্তরে ।
পণ্ডিতেহ তার চেষ্টা বুঝিতে না পারে ॥ ১০৪ ॥

एइ प्रेम सदा जागे ग्राहार अन्तरे ।
पण्डितेह तार चेष्टा बुझिते ना पारे ॥ १०४ ॥

एइ—यह; **प्रेम**—भगवत्प्रेम; **सदा**—सदैव; **जागे**—जाग्रत होता है; **ग्राहार**—जिसका; **अन्तरे**—हृदय में; **पण्डितेह**—विद्वान पण्डित भी; **तार**—उसके; **चेष्टा**—कार्यकलाप; **बुझिते**—समझ; **ना पारे**—नहीं सकता।

अनुवाद

जब किसी के हृदय में कृष्ण का दिव्य प्रेम जागृत होता है, तब बड़े से बड़ा विद्वान भी उस व्यक्ति के कार्यकलापों को नहीं समझ सकता।

ধন্যস্যায়ং নবঃ প্রেমা যস্যোন্মীলতি চেতসি ।
অন্তর্বাণীভিরপ্যস্য মুদ্রা সুষ্ঠু সু-দুর্গমা ॥ ১০৫ ॥

धन्यस्यायं नवः प्रेमा यस्योन्मीलति चेतसि ।
अन्तर्वाणीभिरप्यस्य मुद्रा सुष्ठु सु-दुर्गमा ॥ १०५ ॥

धन्यस्य—उस सद्भागी व्यक्ति को; **अयम्**—यह; **नवः**—नया; **प्रेमा**—भगवत्प्रेम; **यस्य**—जिसका; **उन्मीलति**—प्रकट होता है; **चेतसि**—हृदय में; **अन्तः-वाणीभिः**—शास्त्रों

में प्रवीण व्यक्ति द्वारा; **अपि**—भी; **अस्य**—उसके; **मुद्रा**—लक्षण; **सुष्ठु**—अत्यधिक; **सु-दुर्गमा**—समझना मुश्किल।

अनुवाद

"जिस महान् व्यक्ति के हृदय में भगवत्प्रेम का उदय हुआ हो, उसके कार्यों तथा लक्षणों को बड़े से बड़ा विद्वान भी नहीं समझ सकता।"

तात्पर्य

यह श्लोक *भक्तिरसामृतसिन्धु* (१.४.१७) से उद्धृत है।

অলৌকিক প্রভুর 'চেষ্টা', 'প্রলাপ' শুনিয়া ।
তর্ক না করিহ, শুন বিশ্বাস করিয়া ॥১০৬॥

अलौकिक प्रभुर 'चेष्टा', 'प्रलाप' शुनिया ।
तर्क ना करिह, शुन विश्वास करिया ॥ १०६ ॥

अलौकिक—असामान्य; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **चेष्टा**—लीलाएँ; **प्रलाप**—उन्मत्त की तरह बोलना; **शुनिया**—सुनना; **तर्क**—अनावश्यक तर्क; **ना करिह**—न करें; **शुन**—केवल सुनें; **विश्वास करिया**—पूर्ण श्रद्धा के साथ।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु के कार्यकलाप, विशेषतया उन्मत्त की तरह उनका बोलना निस्सन्देह असामान्य हैं। अतएव जो भी इन लीलाओं को सुने, उसे चाहिए कि संसारी तर्क न करे। उसे इन लीलाओं का पूरी श्रद्धापूर्वक श्रवण मात्र करना चाहिए।

ইহার সত্যত্বে প্রমাণ শ্রী-ভাগবতে ।
শ্রী-রাধার প্রেম-প্রলাপ 'ভ্রমর-গীতা'তে ॥১০৭॥

इहार सत्यत्वे प्रमाण श्री-भागवते ।
श्री-राधार प्रेम-प्रलाप 'भ्रमर-गीता'ते ॥ १०७ ॥

इहार—इन बातों की; **सत्यत्वे**—सत्यता का; **प्रमाण**—प्रमाण; **श्री-भागवते**—श्रीमद्भागवत में; **श्री-राधार**—श्रीमती राधारानी का; **प्रेम-प्रलाप**—प्रेमावेश में प्रलाप करना; **भ्रमर-गीताते**—भ्रमर गीत नामक विभाग में।

अनुवाद

इन बातों के सत्य होने की प्रामाणिकता 'श्रीमद्भागवत' में प्राप्त है। दशम दसवें के 'भ्रमर गीत' नामक अध्याय में श्रीमती राधारानी कृष्ण के प्रेमावेश में उन्मत्त जैसी बातें करती हैं।

तात्पर्य

जब उद्धव गोपियों के लिए सन्देश लेकर मथुरा से आये, तब गोपियाँ कृष्ण के विषय में बातें करने लगीं और क्रन्दन करने लगीं। तब श्रीमती राधारानी ने एक भौंरा देखा और उसे उद्धव का दूत या उनका अथवा कृष्ण का कोई अतिप्रिय व्यक्ति समझकर उससे उन्मत्त की भाँति बातें करने लगीं। ये श्लोक इस प्रकार हैं (भागवत १०.४७.१२-२१) :

मधुप कितवबन्धो मा स्पृशांघ्रिं सपत्न्याः
कुचविलुलितमालाकुंकुमश्मश्रुभिर्नः ।
वहतु मधुपतिस्तन्मानिनीनां प्रसादं
यदुसदसि विडम्ब्यं यस्य दूतस्त्वमीदृक ॥

"हे भौंरे, तुम उद्धव तथा कृष्ण के अत्यन्त चतुर मित्र हो। लोगों का पादस्पर्श करने में तुम अत्यन्त पटु हो, किन्तु मैं इस भुलावे में आने वाली नहीं हूँ। ऐसा लगता है कि तुम कृष्ण की किसी सखी के स्तनों पर बैठकर आये हो, क्योंकि तुम्हारी मूच्छों पर कुंकुम चूर्ण लगा है। अब मथुरा में कृष्ण अपनी युवती सखियों की चापलूसी में लगे हैं। अब तो वे मथुरावासियों के मित्र कहे जा सकते हैं, इसलिए उन्हें अब वृन्दावनवासियों की कोई सहायता नहीं चाहिए। उन्हें हम गोपियों को तुष्ट करने का कोई कारण नहीं दिखता। चूँकि तुम उस जैसे व्यक्ति के दूत हो, अतएव यहाँ पर तुम्हारी उपस्थिति से क्या लाभ है? निश्चय ही इस सभा में तुम्हारी उपस्थिति से कृष्ण लज्जित होंगे।"

आखिर कृष्ण ने गोपियों का किस तरह अनादर किया कि वे अपने मनों से उन्हें निकाल रही हैं? इसका उत्तर नीचे दिया जाता है :

सकृदधरसुधां स्वां मोहिनीं पाययित्वा
सुमनस इव सद्यस्तत्यजेऽस्मान् भवादृक्।

परिचरति कथं तत्पादपद्मं तु पद्मा
ह्यपि बत हृतचेता उत्तमश्लोकजल्पैः ॥

"अब कृष्ण हमें अपने अधरों का मोहक अमृत नहीं देते, उसे अब वे मथुरा की स्त्रियों को देते हैं। कृष्ण हमारे मनों को प्रत्यक्ष रूप से आकृष्ट करते हैं, किन्तु वे तुम भौंरे जैसे ही हैं, क्योंकि वे एक सुन्दर फूल का संग छोड़कर दूसरे निकृष्ट फूल पर चले जाते हैं। कृष्ण ने हमारे साथ ऐसा ही व्यवहार किया है। मेरी समझ में नहीं आता कि लक्ष्मीजी उनके चरणकमलों को छोड़ने के स्थान पर उनकी निरन्तर सेवा में क्यों लगी हुई हैं। स्पष्ट है कि वे कृष्ण के झूठे शब्दों पर विश्वास करती हैं। किन्तु हम गोपियाँ लक्ष्मीजी जैसी बुद्धिहीना नहीं हैं।"

भौंरे का मधुर गीत सुनकर तथा यह पहचानकर कि मेरे सन्तोष के लिए ही यह कृष्ण का गुणगान कर रहा है, एक गोपी ने उत्तर दिया :

किमिह बहु षडङ्घ्रे गायसि त्वं यदूनाम्
अधिपतिमगृहाणां अग्रतो नः पुराणम्।
विजयसखसखीनां गीयतां तत्प्रसङ्गः
क्षपितकुचरुजस्ते कल्पयन्तीष्टमिष्टाः ॥

"हे भौंरे, कृष्ण का यहाँ कोई आवास नहीं है, किन्तु हम उन्हें यदुपति (यदुकुल के राजा) के रूप में जानती हैं। हम उन्हें भलीभाँति जानती हैं, अतएव हम उनके विषय में और अधिक गीत सुनने की इच्छुक नहीं हैं। अच्छा हो कि तुम ये गीत उनको सुनाओ, जो अब कृष्ण को अति प्रिय हैं। मथुरा की स्त्रियों को अब उनके द्वारा आलिंगित होने का अवसर मिला है। वे अब उनकी प्रियाएँ हैं, इसलिए अब वे उनके वक्षस्थलों की जलन को शान्त कर चुके हैं। यदि तुम वहाँ जाकर उन भाग्यशालिनी स्त्रियों के समक्ष अपने गीत गाओगे, तो वे अत्यन्त प्रसन्न होंगी और तुम्हारा आदर करेंगी।"

दिवि भुवि च रसायां काः स्त्रियस्तद्दुरापाः
कपटरुचिरहासभ्रूविजृम्भस्य याः स्युः।
चरणरज उपास्ते यस्त भूतिर्वयं का
अपि च कृपणपक्षे ह्युत्तमश्लोकशब्दः ॥

"हे मधुसंग्राहक, हम गोपियों को न देखकर कृष्ण अत्यन्त दुःखी होंगे। निश्चय

ही वे हमारी लीलाओं की स्मृतियों से खिन्न होंगे। इसलिए उन्होंने हम लोगों को तुष्ट करने के लिए तुम्हें दूत बनाकर भेजा है। तुम हमसे मत बोलो। तीनों लोकों में—स्वर्ग, मध्य तथा अधोलोकों में—जहाँ मृत्यु अनिवार्य है, कृष्ण को सारी स्त्रियाँ उपलब्ध हैं, क्योंकि उनकी वक्र भौंहे अत्यन्त आकर्षक हैं। इतना ही नहीं, लक्ष्मीजी सदैव अत्यन्त श्रद्धापूर्वक उनकी सेवा करती रहती हैं। उनकी तुलना में हम नगण्य हैं। निस्सन्देह, हम कुछ भी नहीं हैं। यद्यपि कृष्ण अत्यन्त चतुर हैं, किन्तु साथ ही अत्यन्त दानी भी हैं। तुम उनसे कहना कि अभागे व्यक्तियों के प्रति दयालुता के लिए उनकी प्रशंसा की जाती है और इसीलिए वे उत्तमश्लोक कहलाते हैं।"

विसृज शिरसि पादं वेद्म्यहं चाटुकारै
रनुनयविदुषस्तेऽभ्येत्य दौत्यैर्मुकुन्दात्।
स्वकृत इह विसृष्टापत्यपत्यन्यलोका
व्यसृजदकृतचेताः किं नु सन्धेयमस्मिन्॥

"तुम मेरे पैरों पर इसलिए गुनगुना रहे हो कि तुम्हारे विगत अपराध क्षमा कर दिये जाँय। कृपा करके मेरे पाँवों से दूर हो जाओ! मैं जानती हूँ कि मुकुन्द ने तुम्हें यह सिखाकर भेजा है कि तुम मधुर चापलूसी भरे वचन कहो और उनके दूत का कार्य करो। हे भौंरे, ये निश्चय ही कुछ कुटिल चालें हैं, जिन्हें मैं भलीभाँति समझती हूँ। यह कृष्ण का अपराध है। मैंने जो कुछ कहा है उसे कृष्ण से मत कहना, यद्यपि मैं जानती हूँ कि तुम अत्यन्त ईर्ष्यालु हो। हम गोपियों ने अपने पति, पुत्र तथा वे सारे धार्मिक सिद्धान्त, जिनसे अच्छा जन्म मिल सकता है, त्याग दिये हैं और अब हमारे पास कृष्ण की सेवा करने के अतिरिक्त कोई दूसरा कार्य नहीं है। फिर भी, कृष्ण ने अपने मन को वश में करके हम सबों को आसानी से भुला दिया है। अतएव अब उनके विषय में अधिक मत कहो। हमें अपना सम्बन्ध भूल जाने दो।"

मृगयुरिव कपीन्द्रं विव्यधे लुब्धधर्मा
स्त्रियमकृतविरूपां स्त्रीजितः कामयानाम्।
बलिमपि बलिमत्त्वावेष्टयद्ध्वांक्षवद्यस्
तदलमसितसख्यै र्दुस्त्यजस्तत्कथार्थः॥

"हे भौंरे, जब हम कृष्ण के विगत जन्मों का स्मरण करती हैं, तो हम उनसे अत्यधिक भयभीत हो उठती हैं। रामचन्द्र का अवतार लेकर, उन्होंने शिकारी जैसा कार्य किया और अन्यायपूर्वक अपने मित्र बालि को मार डाला। कामार्त शूर्पणखा रामचन्द्र की इच्छा पूरी करने आई, किन्तु वे सीतादेवी में इतने अनुरक्त थे कि उन्होंने शूर्पणखा की नाक काट ली। वामनदेव का अवतार लेकर उन्होंने बलि महाराज को लूट लिया और उनकी सारी सम्पत्ति ले ली और उनकी पूजा स्वीकार करने के बहाने उन्हें धोखा दिया। वामन देव ने बलि महाराज को उसी तरह पकड़ लिया, जिस तरह कोई कौवे को पकड़ ले। हे भौंरे, ऐसे व्यक्ति से मित्रता रखना बहुत अच्छा नहीं है। मैं जानती हूँ कि जब कोई कृष्ण के विषय में बातें करने लगता है, तो उन्हें रोक पाना बहुत कठिन होता है, और मैं यह स्वीकार करती हूँ कि मुझमें उतनी शक्ति नहीं कि उनके विषय में बातें करना बन्द कर सकूँ।"

यदनुचरितलीलाकर्णपीयूषविप्रुट्
सकृददनविधूतद्वन्द्वधर्मा विनष्टाः।
सपदि गृहकुटुम्बं दीनमुत्सृज्य दीना
बहव इह विहङ्गा भिक्षुचर्यां चरन्ति॥

"कृष्णविषयक कथाएँ इतनी बलशालिनी हैं कि वे चारों पुरुषार्थों—धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष—को नष्ट कर देती हैं। जो भी अपने कानों के माध्यम से *कृष्णकथा* की एक छोटी-सी बूँद को भी पीता है, वह सारी भौतिक आसक्ति तथा ईर्ष्या से मुक्त हो जाता है। ऐसा व्यक्ति जीविका का कोई साधन न होते हुए पक्षी की तरह साधु बन जाता है और भिक्षा माँगकर जीवित रहता है। सामान्य पारिवारिक मामले उसके लिए कष्टप्रद बन जाते हैं और वह बिना आसक्ति के सहसा सब कुछ त्याग देता है। यद्यपि ऐसी विरक्ति उपयुक्त होती है, किन्तु स्त्री होने के कारण मैं इसे ग्रहण करने में असमर्थ हूँ।"

वयमृतमिव जिह्मव्याहृतं श्रद्दधानाः
कुलिकरुतमिवाज्ञाः कृष्णवध्वो हरिण्यः।
ददृशुरसकृदेतत्तन्नखस्पर्शतीव्र-
स्मररुज उपमन्त्रिन् भाण्यतामन्यवार्ता॥

"हे दूत, मैं उस मूर्ख पक्षी के तुल्य हूँ, जो शिकारी के मधुर संगीत को सुनता है और सरलतावश उस पर विश्वास करने से उसके हृदय को बेध दिया जाता है तथा सभी प्रकार के कष्ट सहने को वह बाध्य हो जाता है। चूँकि हमने कृष्ण के वचनों पर विश्वास किया है, इसलिए हमें अत्यधिक पीड़ा हुई है। निस्सन्देह, कृष्ण के नाखूनों के स्पर्श से हमारे मुख घायल हुए हैं। उन्होंने हमें कितनी पीड़ा पहुँचायी है! अतएव तुम उनकी कथा मत चलाओ। तुम कोई अन्य बात कहो।"

श्रीमती राधिका से ये सारी बातें सुनकर भौंरा चला गया, किन्तु वह फिर से लौटा। कुछ सोच-विचार के बाद गोपी ने कहा :

प्रियसख पुनरागाः प्रेयसा प्रेषितः किं
वरय किमनुरुन्धे माननीयोऽसिमेऽङ्ग।
नयसि कथमिहास्मान् दुस्त्यजद्वन्द्वपार्श्वं
सततमुरुसि सौम्य श्रीर्वधूः साकमास्ते॥

"तुम कृष्ण के अत्यन्त प्रिय मित्र हो और उनकी आज्ञा से तुम यहाँ फिर से आये हो। इसलिए तुम मेरे लिए पूज्य हो। हे दूतश्रेष्ठ, अब मुझसे कहो कि तुम क्या कहना चाहते हो? तुम्हें क्या चाहिए? कृष्ण माधुर्य प्रेम नहीं त्याग सकते, इसलिए मेरी समझ में तुम हमें लेने आये हो। किन्तु तुम ऐसा कैसे करोगे? हम जानती हैं कि इस समय कृष्ण के वक्षस्थल पर अनेक लक्ष्मियों का वास है और वे निरन्तर हमसे बढ़कर कृष्ण की सेवा कर रही हैं।"

भौंरे की भद्रता की प्रशंसा करते हुए वे परम हर्ष से बोलीं।

अपि बत मधुपूर्याम् आर्यपुत्रोऽधुनास्ते
स्मरति स पितृगेहान् सौम्य बन्धूंश्च गोपान्।
क्वचिदपि स कथा नः किंकरीणां गृणीते
भुजमगुरुसुगन्धं मूर्ध्न्यधास्यत् कदा नु॥

"अब कृष्ण वृन्दावन की गोपियों को भुलाकर मथुरा में गुरुकुल के भद्र व्यक्ति की तरह रह रहे हैं। किन्तु क्या वे अपने पिता नन्द महाराज के प्रिय घर का स्मरण नहीं करते? हम सभी उनकी स्वाभाविक दासियाँ हैं। क्या वे हम सबों का स्मरण नहीं करते? क्या वे कभी हमारे विषय में बातें करते हैं या वे हमें

पूरी तरह से भूल चुके हैं? क्या वे कभी हमें क्षमा करके एक बार फिर उन अगुरु से सुगन्धित अपने हाथों से हमारा स्पर्श करेंगे?"

महिषीर गीत येन 'दशमे'र शेषे ।
पण्डिते ना बुझे तार अर्थ-विशेषे ॥ १०८ ॥

महिषीर—रानियों के; **गीत**—गीत; **येन**—जैसे; **दशमेर**—दसवें स्कन्ध के; **शेषे**—अन्त में; **पण्डिते**—अत्यन्त विद्वान पण्डित; **ना**—नहीं; **बुझे**—समझते; **तार**—उसके; **अर्थ-विशेषे**—विशेष अर्थ को।

अनुवाद

श्रीमद्भागवत के दसवें स्कन्ध के अन्त में वर्णित द्वारका की रानियों के गीत विशेष अर्थपूर्ण हैं। उन्हें बड़े-बड़े पंडित भी नहीं समझ पाते।

तात्पर्य

ये गीत *श्रीमद्भागवत* के दशम स्कन्ध के नब्बेवें अध्याय के श्लोक १५-२४ के रूप में हैं।

कुररि विलपसि त्वं वीतनिद्रा न शेषे
स्वपिति जगति रात्र्याम् ईश्वरो गुप्तबोधः।
वयमिव सखि कच्चिदगाढनिर्भिन्नचेता
नलिननयन हासोदारलीलेक्षितेन॥

सारी रानियाँ निरन्तर कृष्ण के विषय में सोचती रहतीं। जलक्रीड़ा के बाद रानियों ने कहा, "हे प्रिय मित्र कुररी, अब कृष्ण सोये हुए हैं, किन्तु हम उनके कारण रातभर जागती रहती हैं। तुम हमें रात में जागी देखकर हम पर हँसती हो, किन्तु तुम क्यों नहीं सो रही? तुम कृष्ण के विचारों में डूबी जान पड़ती हो। क्या तुम भी कृष्ण की हँसी से बिंधी हुई हो? उनकी हँसी अत्यन्त मधुर है। जो ऐसे तीर से बिंधा हो, वह अत्यन्त भाग्यशाली है।"

नेत्रे निमीलयसिनक्तमदृष्टबन्धु-
स्त्वम् रोरवीषि करुणं बत चक्रवाकी।

दास्यं गता वयमिवाच्युतपादजुष्टां
किंवा स्रजं स्पृहयसे कबरेण वोढुम्॥

"हे चक्रवाकी, रात में तुम अपनी आँखें खोले रहती हो, क्योंकि तुम अपने मित्र को नहीं देख सकती। निस्सन्देह, तुम्हें अतीव कष्ट होता है। क्या तुम करुणावश रुदन करती हो या तुम कृष्ण का स्मरण करके उन्हें पकड़ने का प्रयास करती हो? कृष्ण के चरणकमलों का स्पर्श पाकर सारी रानियाँ अत्यन्त सुखी हैं। क्या तुम कृष्ण की माला अपने सिर पर धारण करना चाहती हो? हे चक्रवाकी, कृपया तुम इन प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर दो, जिससे हम समझ सकें।"

भो भोः सदा निष्टनसे उदन्वन्
अलब्धनिद्रोऽधिगत प्रजागरः।
किं वा मुकुन्दापहृतात्मलाञ्छनः
प्राप्तां दशां त्वं च गतो दुरत्ययाम्॥

"हे सागर, तुम्हें रात में शान्ति से सोने का अवसर नहीं मिल पाता। इसके बदले तुम सदैव जागे रहकर रोते रहते हो। तुम्हें यह वर मिला है और तुम्हारा हृदय हमारी ही तरह भग्न है। मुकुन्द का हमारे साथ केवल इतना ही कार्य है कि वे हमारे कुंकुम चिह्नों को पोंछ लेते हैं। हे सागर, तुम हमारे समान ही कष्ट पाते हो।"

त्वं यक्ष्मणा बलवतासि गृहीत इन्दो
क्षीणस्तमो न निजदीधितिभिः क्षिणोषि।
कच्चिन्मुकुन्दगदितानि यथा वयं त्वं
विस्मृत्य भोः स्थगितगीरुपलक्ष्यसे नः॥

"हे चन्द्रमा, ऐसा लगता है कि तुम्हें तीव्र ज्वर है, शायद यक्ष्मा है। निस्सन्देह, तुम्हारे तेज में अन्धकार को नष्ट करने की शक्ति नहीं है। क्या तुम कृष्ण का संगीत सुनकर पागल हो गये हो? क्या इसीलिए तुम मौन हो? तुम्हारा कष्ट देखकर हमें लगता है कि तुम हम में से एक हो।"

किं त्वाचरितमस्माभिर्मलयानिल तेऽप्रियम्।
गोविन्दापाङ्गनिर्भिन्ने हृदीरयसि नः स्मरन्॥

"हे मलय समीर, कृपा करके हमसे कहो कि हमने तुम्हें क्या हानि पहुँचाई

है। तुम हमारे हृदयों में इच्छाओं की ज्वाला क्यों भड़का रहे हो? हम तो गोविन्द की चितवन रूपी तीर से बिंधी हुई हैं, क्योंकि वे कामदेव के प्रभाव को जागृत करने की कला में निपुण हैं।"

मेघ श्रीमांस्त्वमसि दयितो यादवेन्द्रस्य नूनं
श्रीवत्साङ्कं वयमिव भवान् ध्यायति प्रेमबद्धः।
अत्युत्कण्ठः शवलहृदयोऽस्मद्विधो बाष्पधाराः
स्मृत्वा स्मृत्वा विसृजसि मुहुर्दुःखदस्तत्प्रसङ्गः॥

"हे प्रिय मेघ, हे कृष्ण के मित्र, क्या तुम हम रानियों की तरह, जो कि कृष्ण के प्रेम में जुड़ी हुई हैं, कृष्ण के वक्षस्थल के श्रीवत्स चिह्न के विषय में सोच रहे हो? शायद तुम कृष्ण की संगति का स्मरण करते हुए उनके ध्यान में मग्न हो, इसीलिए तुम दुःख के आँसू बहा रहे हो।"

प्रियरावपदानि भाषसे
मृतसञ्जीविकयानया गिरा।
करवाणि किमद्य ते प्रियं
वद मे वल्गितकण्ठ कोकिल॥

"हे प्रिय कोयल, तुम्हारी वाणी अत्यन्त मधुर है और अन्यों का अनुकरण करने में तुम अत्यन्त निपुण हो। तुम अपनी वाणी से मृत शरीर को भी उत्तेजित कर सकते हो। इसलिए रानियों से कहो कि उनका उत्तम व्यवहार ही उनका उचित कर्तव्य है।"

न चलसि न वदस्युदारबुद्धे
क्षितिधर चिन्तयसे महान्तमर्थम्।
अपिबत वसुदेवनन्दनाङ्घ्रिं
वयमिव कामयसे स्तनैर्विधर्तुम्॥

"हे वदान्य पर्वत, तुम अत्यन्त उदार तथा गम्भीर हो और कुछ महान् कार्य करने के विचार में खोये रहते हो। हमारी ही तरह तुमने अपने हृदय में वसुदेव पुत्र कृष्ण के चरणकमलों को धारण करने का व्रत ले रखा है।"

शुष्यद्ह्रदाः कर्शिता बत सिन्धु-पत्न्यः
सम्प्रत्यपास्तकमलश्रिय इष्टभर्तुः।

यद्वद्वयं मधुपतेः प्रणयावलोकम्
अप्राप्य मुष्टहृदयाः पुरुकर्षिताः स्म ॥

"हे सागरपत्नी नदियों, हम देखती हैं कि समुद्र तुम्हें सुख नहीं देता। इसीलिए तुम लगभग सूख गई हो और तुममें सुन्दर कमल विद्यमान नहीं हैं। वे कमल क्षीण हो गये हैं और धूप में भी सारे आनन्द से विहीन हैं। इसी तरह हम अभागी रानियों के हृदय भी सूख चुके हैं और हमारे शरीर क्षीण हो गये हैं, क्योंकि हम अब मधुपति के प्रेम से विहीन हैं। क्या तुम भी हमारी तरह शुष्क, सौन्दर्यविहीन हो, क्योंकि तुम कृष्ण की प्रेमभरी चितवन से वंचित हो?"

हंस स्वागतमास्यतां पिब पयो ब्रूह्यङ्गशौरेः कथां
दूतं त्वां नु विदाम कच्चिदजितः स्वस्त्यास्त उक्तं पुरा।
किंवा नश्चलसौहृदः स्मरति तं कस्माद् भजामो वयं
क्षौद्रालापयकामदं श्रियमृते सैवैकनिष्ठा स्त्रियाम् ॥

"हे हंस, तुम इतनी प्रसन्नतापूर्वक यहाँ आये हो! तुम्हारा स्वागत है। हमारे विचार से तुम सदैव कृष्ण के दूत बने रहते हो। अब तुम यह दूध पीते हुए हमें यह बताओ कि उनका सन्देश क्या है। क्या कृष्ण ने हमारे विषय में तुमसे कुछ कहा है? क्या हम तुमसे पूछ सकती हैं कि क्या कृष्ण सुखी हैं? हम यही जानना चाहती हैं। क्या वे हमारा स्मरण करते हैं? हम जानती हैं कि एकमात्र लक्ष्मीजी उनकी सेवा करती हैं। हम तो केवल उनकी दासियाँ हैं। भला हम उनकी पूजा कैसे कर सकती हैं, जो मधुर शब्द बोलते हैं, किन्तु कभी हमारी इच्छाएँ पूरी नहीं करते हैं?"

महाप्रभु-नित्यानन्द, दोँहार दासेर दास ।
याँरे कृपा करेन, तार हय इथे विश्वास ॥१०९॥

महाप्रभु-नित्यानन्द, दोंहार दासेर दास ।
ग्यारे कृपा करेन, तार हय इथे विश्वास ॥१०९॥

महाप्रभु—श्री चैतन्य महाप्रभु; **नित्यानन्द**—भगवान् नित्यानन्द; **दोंहार दासेर दास**—मैं इन दोनों के दास का दास हूँ; **ग्यारे कृपा करेन**—यदि कोई उनकी कृपा प्राप्त करता है; **तार हय**—वह अवश्य रखता है; **इथे विश्वास**—इन बातों में श्रद्धा।

अनुवाद

यदि कोई व्यक्ति श्री चैतन्य महाप्रभु तथा नित्यानन्द प्रभु के दासों का दास बन जाता है और उनकी कृपा प्राप्त कर लेता है, तो वह इन सारी बातों पर विश्वास कर सकता है।

श्रद्धा करि, शुन इहा, शुनिते महा-सुख ।
खण्डिबे आध्यात्मिकादि कुतर्कादि-दुःख ॥ ११० ॥

श्रद्धा करि, शुन इहा, शुनिते महा-सुख ।
खण्डिबे आध्यात्मिकादि कुतर्कादि-दुःख ॥ ११० ॥

श्रद्धा करि—महान् श्रद्धा के साथ; **शुन**—सुनो; **इहा**—ये सब विषय; **शुनिते**—सुनना भी; **महा-सुख**—महान् आनन्द; **खण्डिबे**—वह नाश करेगा; **आध्यात्मिक-आदि**—शरीर, मन इत्यादि से प्राप्त कष्ट; **कुतर्क-आदि-दुःख**—तथा कुतर्क के प्रयोग से उत्पन्न दुःखदायक दशा।

अनुवाद

इन कथाओं को श्रद्धापूर्वक सुनने का प्रयास करो, क्योंकि इनके सुनने में भी परम आनन्द होता है। इसे सुनने से शरीर, मन तथा अन्य जीवों से सम्बन्धित सारे कष्ट नष्ट हो जायेंगे और उसी के साथ मिथ्या तर्कों का दुःख भी दूर हो जायेगा।

चैतन्य-चरितामृत—नित्य-नूतन ।
शुनिते शुनिते जुड़ाय हृदय-श्रवण ॥ १११ ॥

चैतन्य-चरितामृत—नित्य-नूतन ।
शुनिते शुनिते जुड़ाय हृदय-श्रवण ॥ १११ ॥

चैतन्य-चरितामृत—*चैतन्य चरितामृत* नामक ग्रन्थ; **नित्य-नूतन**—नित्य नवीन; **शुनिते शुनिते**—सुनते रहने से; **जुड़ाय**—शान्त होते हैं; **हृदय-श्रवण**—कान तथा हृदय।

अनुवाद

श्री चैतन्य चरितामृत नित्य नवीन है। इसको बार-बार सुनने से मनुष्य के हृदय तथा कान शान्त होते हैं।

श्री-रूप-रघुनाथ-पदे यार आश ।
चैतन्य-चरितामृत कहे कृष्णदास ॥ ११२॥

श्री-रूप-रघुनाथ-पदे ग्यार आश ।
चैतन्य-चरितामृत कहे कृष्णदास ॥ ११२॥

श्री-रूप—श्रील रूप गोस्वामी; **रघुनाथ**—श्रील रघुनाथ दास गोस्वामी; **पदे**—के चरणकमलों में; **ग्यार**—जिसकी; **आश**—आशा; **चैतन्य-चरितामृत**—*चैतन्य चरितामृत* नामक ग्रन्थ; **कहे**—वर्णन करते हैं; **कृष्णदास**—श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी।

अनुवाद

श्री रूप तथा श्री रघुनाथ के चरणकमलों की वन्दना करते हुए तथा सदैव उनकी कृपा की कामना करते हुए उनके चरणचिह्नों पर चलकर, मैं कृष्णदास, श्री चैतन्य-चरितामृत का वर्णन कर रहा हूँ।

इस प्रकार श्रीचैतन्य-चरितामृत अन्त्यलीला के अन्तर्गत श्री चैतन्य महाप्रभु का अचिन्त्य व्यवहार शीर्षक उन्नीसवें अध्याय का भक्तिवेदान्त तात्पर्य पूर्ण हुआ।